

# आदिवासियों के अधिकार के समर्थन में जयस ने किया प्रदर्शन

## डेढ़ घंटे तक बाधित रहा सतना -चित्रकूट राज्यमार्ग, एसडीएम ने जमीन पर बैठकर की चर्चा

**नवभारत न्यूज**

**सतना,29 अक्टूबर. जयस संगठन के बैनर तले बुधवार को मझगवां तहसील में आदिवासियों ने वन भूमि से हटाए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया।**

सतना चित्रकूट स्टेट हाईवे पर करीब डेढ़ घंटे वाहन नहीं निकल सके। वहीं 3 घंटे से ज्यादा तहसील कार्यालय के यहां यातायात ठप रहा। प्रदर्शनकारियों की मांगें सुनने पहुंचे अधिकारियों को भी जमीन पर बैठकर वार्ता करनी पड़ी।

दोपहर एक बजे शुरू हुआ प्रदर्शन शाम पांच बजे तक चला। जयस जिलाध्यक्ष रवि कोल के नेतृत्व में लगभग 450 आदिवासियों, जिनमें कई महिलाएं भी शामिल थीं, ने चितहरा मोड़ से तहसील कार्यालय तक रैली निकाली। इस दौरान सड़क पर ट्रैक्टर खड़े कर हाईवे पूरी तरह जाम कर दिया गया। शांतिपूर्ण ज्ञापन की अनुमति के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी और सड़क जाम कर अराजक स्थिति बना दी।





जयस ने आरोप लगाया कि हाल के महीनों में मझगवां, बरौंधा, सरभंगा, सिंहपुर और बिरसिंहपुर सहित कई वन क्षेत्रों से सैकड़ों आदिवासियों को हटाया गया है। संगठन ने इन कार्रवाइयों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

### समाधान का आश्वासन

मौके पर पहुंचे एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर, तहसीलदार, आरआई और पटवारी ने प्रदर्शनकारियों से बात करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने हमारी तरह जमीन पर बैठकर बात कीजिए की जिद की। इसके बाद अधिकारी जमीन पर बैठ गए और उनकी समस्याएं सुनीं। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग थी कि उन्हें वन भूमि से बेदखल न किया जाए, जिस पर वे वर्षों से खेती कर रहे हैं। उनका कहना है कि प्लांटेशन के नाम पर वन विभाग उन्हें उजाड़ रहा है।

# चाकू से हमला कर हत्या करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

## आईटीआई बसोर बस्ती के निकट मंगलवार को हुई थी घटना

**नवभारत न्यूज**

**सतना 29 अक्टूबर. आईटीआई बसोर बस्ती के निकट मंगलवार की रात 4 युवकों ने मिलकर दुस्साहसिक तरीके से चाकूबाजी करते हुए 3 लोगों को घायल कर दिया था. जिसमें से एक व्यक्ति ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया. इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 4 युवकों को गिरफ्तार कर लिया.**

कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात लगभग 11 बजे मयंकार त्रिपाठी, उनके बड़े भाई प्रलयंकार त्रिपाठी और उनके मित्र शोभित पाण्डेय दो आटो में सवार होकर आईटीआई बसोर बस्ती के निकट पहुंचे. जहां पर प्रलयंकार ने छोटे भाई मयंकार से कहा कि वे बस्ती में रहने वाले अपने एक परिचित से मिलने के लिए जा रहे हैं. जिसके चलते मयंकार और शोभित अपने आटो में बैठे रहे. कुछ देर बाद ही प्रलयंकार आईटीआई बसोर बस्ती की ओर से दौड़ते हुए उनके पास आए और बताया कि उन्हें चाकू मार दिया गया है. यह देखते हुए मयंकार और शोभित फौरन आटो से उतरे और प्रलयंकार को संभालने का प्रयास किया. तभी एक युवक हाथ में चाकू लिए उनके



सामने आकर खड़ा हो गया. प्रलयंकार पर हमला करने का कारण पूछते ही हाथ में चाकू लिए युवक ने गाली-गलौच करते हुए शोभित के गले में चाकू से हमला कर दिया. यह मयंकार दौड़ा तो युवक ने चाकू से उसके पेट और कलाई पर हमला कर दिया. इसी दौरान एक महिला वहां पर बीचव बचाव करने के लिए आ गई. लेकिन इसके बावजूद भी हाथ में चाकू लिए युवक प्रलयंकार को नीचे गिराकर मारता रहा. तभी युवक के 3 साथी भी वहां पहुंच गए और मयंकार व शोभित को बुरी तरह मारने लगे. जिसके बाद उनकी जेब में रखे रुपए छीनकर चारों युवक भाग निकले. सीने में चाकू लगने के कारण प्रलयंकार का काफी खून बह चुका था. घायल अवस्था में ही छोटा भाई मयंकार और दोस्त शोभित उसे आटो में लादकर जिला अस्पताल ले गए. जहां पर जांच करने पर चिकित्साक द्वारा प्रलयंकार को मृत घोषित कर दिया गया.

### श्मशान के पास छिपे मिले

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई. पुलिस द्वारा मुखबिरों को सक्रिय करते हुए चाकूबाजी की घटनाा में शामिल आरोपियों की पहचान शुरु की गई. पहचान होते ही मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम आईटीआई बसोर बस्ती के पीछे स्थित श्मशान घाट के पास पहुंचकर घेराबंदी की. जिसके चलते आरोपी विष्णु वंशकार 22 वर्ष, सोनू उर्फ महेश बंसल 19 वर्ष, अंशू उर्फ विवेक बंशकार 21 वर्ष और मनी वंशकार 20 वर्ष को दबोच लिया. आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी जब्त कर लिया गया.

# पहले मोबाइल झपटा फिर मारपीट कर गले की चेन छीनी

▸ एक नाबालिग आरोपी दबोचा गया, दूसरे की तलाश जारी

**नवभारत न्यूज**

**सतना 29 सितंबर. पलक झपकते ही अपराध करने के मामले में नाबालिग किस तरह शामिल होते जा रहे हैं इसकी एक झलक मैत्री पार्क के निकट देखने को मिली.**

स्कूटी सवार बालक से न सिर्फ मोबाइल झपट लिया गया बल्कि आपत्ति जताने पर मारपीट करते हुए उसके गले की चैन भी छीन ली गई. इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जहां एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया वहीं दूसरे की तलाश जारी है. कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर 15 वर्षीय एक बालक अपनी इलेकिट्रक स्कूटी पर सवार होकर आवासीय विद्यापीठ से हवाई पट्टी की चहरदिवारी से होते हुए मैत्री पार्क की ओर आ रहा था. दोपहर के लगभग पौने 2 बजे बालक के मोबाइल की घंटी बजी. लिहाजा वह स्कूटी रोककर बात करने लगा. इसी दौरान अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो नाबालिग उसकी ओर आए और देखते ही देखते उसका मोबाइल झपट लिया. बाइक सवारों को मोबाइल छीनकर भागते देख बालक अपनी स्कूटी से उनकी ओर भागा. लेकिन मैत्री पार्क के सामने पहुंचते ही उन्होंने अपनी बाइक रोक दी और खड़े हो गए. जैसे ही बालक उनके पास पहुंचा और अपना मोबाइल मांगा तो दोनों नाबालिगों ने उसके साथ मारपीट शुरु कर दी. इसी दौरान एक लड़के ने उसके गले में मौजूद चांदी की चैन छीन ली. फिर स्कूटी की चाबी निकालने के बाद दोनों धमकी देते हुए वहां से चले गए.

मामले की शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया. जिसमें संदेहियों के नजर आने पर मुखबिरों के जरिए उनकी पहचान की गई. इसी कड़ी में मुखबिर की सूचना के आधार पर एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया. पकड़े गए आरोपी ने अपने नाबालिग साथी के साथ मोबाइल और चैन छीनने की घटना को स्वीकार कर लिया. जिसे देखते हुए उसे किशोर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया गया. जबकि दसरे फरार नाबालिग आरोपी की तलाश की जा रही है.

एकेएस यूनिवर्सिटी एशियन माइनिंग कांग्रेस एवं इंटरनेशनल माइनिंग मशीनरी एग्जिबिशन कांग्रेस में हुई शामिल

प्रो.जी.के. प्रधान ने प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की और अंडरग्राउंड माइनिंग में तकनीकी चुनौतियाँ और उनके समाधान विषय पर दी विस्तृत प्रस्तुति

सतना। मंगलवार। 30 अक्टूबर। कोलकाता में 30 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक आयोजित एशियन माइनिंग कांग्रेस एवं इंटरनेशनल माइनिंग मशीनेरी एग्जीबिशन में एकेएस यूनिवर्सिटी, सतना ने उल्लेखनीय भागीदारी दर्ज कराई।30 और 31 अक्टूबर को आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 150 से अधिक तकनीकी शोधपत्रों पर चर्चा हुई, जिनमें 25 से अधिक

# अपहरण-दुष्कर्म की 2 घटनाओं के 2 आरोपी धराए





**नवभारत न्यूज**

**सतना 29 अक्टूबर. शहर के सिटी कोतवाली और कोलगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत दो नाबालिग लड़कियों को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उनके साथ दुष्कर्म करने की घटनाएं सामने आईं थीं. इस मामले में पुलिस ने कारवाई करते हुए दो आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.**

कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार डेढ़ महीने पहले फरियादी पिता द्वारा अपनी नाबालिग बेटी की गुमशुदगी की शिकायत की थी. 4 सितंबर को अपने छोटे भाई को स्कूल छोड़ने के लिए निकली बालिका जब काफी देर तक घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरु की. कहीं कोई पता नहीं चलने पर थाने में शिकायत की गई. पुलिस द्वारा सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच शुरु की गई. इसी कड़ी में साइबर सेल की मदद भी ली गई. जहां से जानकारी मिलते ही एक पुलिस टीम को फौरन गुजरात के लिए रवाना कर दिया गया. जहां पर स्स्थानीय पुलिस के सहयोग से नाबालिग समेत संदेही युवक को दस्तयाब कर लिया गया. अपने कथन में नाबालिग लड़की ने बताया कि कन्नौज सिंह पिता जवान उम्र 21 वर्ष निवासी अतरसुआ डही जिला धार उसे बहला फसुला कर अपने साथ गुजरात ले गया था. जहां पर रखते हुए युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया. जिसे देखते हुए पुलिस ने आरोपी कन्नौज को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया.

### महीने भर बाद मिली बालिका

कोलगवां थाना क्षेत्र निवासी फरियादी मां ने अपनी 15 वर्षीय बेटी को किसी व्यक्ति द्वारा भगा ले जाने की शिकायत की गई थी. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई. शिकायत के महीने भर बाद नाबालिग बालिका को पुलिस ने दस्तयाब कर लिया. बालिका ने अपने कथन में बताया कि सिंधी कैंप निवासी समीर बसोर पिता बुद्धसेन उम्र 19 वर्ष उसे बहला फुसलाकर अपपने साथ ले गया था. जहां पर समीर ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. जिसे देखते हुए पुलिस ने दबिश देते हुए आरोपी सामीर को गिरफ्तार कर लिया.



# श्री रामाकृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स करही सतना में पूर्व छात्र सम्मेलन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 29 अक्टूबर. महाविद्यालय में एक पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन दिनांक 23.10.2025 को किया गया। इसमें वर्ष 2016 से 2025 तक के विभिन्न बैचों के पूर्व छात्रों ने भाग लिया। महाविद्यालय परिवार ने सभी एलुमनाई का स्वागत किया।**

सम्मेलन का शुभारंभ महाविद्यालय में सरस्वती पूजन के साथ हुआ , जहाँ एलुमनाई एसोसिएशन के सदस्यों को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। टेक्निकल विंग के डायरेक्टर डॉ. अग्निवेश अग्निहोत्री ने पूर्व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय उनसे हमेशा जुड़ा रहेगा और उनकी उपलब्धियाँ महाविद्यालय की पहचान को बढ़ाती रहेंगी। इस अवसर पर पूर्व छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान पुराने छात्रों और वर्तमान विद्यार्थियों के बीच सौहार्द और उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर संस्था के चेयर मैन शम्मी पुरी एवं श्री रामाकृष्णा ग्रुप डायरेक्ट शाश्वत पुरी ने छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कार्यक्रम में वीरेंद्र गोस्वामी ने मंच संचालन किया और बच्चों का मनोरंज किया। अकादमी डायरेक्टर सुश्री शुभी खरे, स्टूडेंट वेलफेयर हेड जितेंद्र द्विवेदी, हायर सेमेस्टर डीन दीपेश निगम, फर्स्ट ईयर डीन अभय मिश्रा एवं फार्मेसी डीन डॉ. अमित पाण्डेय एवं समस्त स्टाफ मेंबर उपस्थित थे। एलुमनाई एसोसिएशन ने सभी का आभार व्यक्त किया.

# गौशाला सदावर्त कमेटी ने धूमधाम से मनाया गोपाष्टमी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 29 अक्टूबर. आज सतना नगर के बीच स्थित गल्ला तिलहन व्यापारी संघ द्वारा संचालित 129 वर्ष पुरानी गौशाला सदावर्त कमेटी द्वारा बड़े धूमधाम से गोपाष्टमी मनाई गयी।**

भारतीय नस्ल के गौवंश के संरक्षण व संवर्धन हेतु स्थापित गौशाला में निरंतर हर वर्ष गोपाष्टमी उत्सव हर्ष उल्लास के साथ गौसेवक एवं नगर के व्यापारी मनाते आ रहे है। गौशाला के सचिव दीपेन्द्र द्विवेदी दीपू ने बताया रोज जो गौआहार में वरसिंग भूसा खली चूनी दी



जाती है मौसम बदलाव के साथ आज गुड़ हरी भाजी पुआ का विशेष आहार दिया जाता है। इस गौशाला मे निशक्त परिजन द्वारा त्याग गौ माँ की निस्वार्थ भाव से सेवा की जाती है कार्यक्रम का शुभारम्भ गौ माँ की पूजन के साथ हवन कर भंडारा कर समापन किया गया संचालन राजेश अग्रवाल नारद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान गल्ला मंडी एवं सदावर्त कमेटी द्वारा 18 गौ सेवको का कम्बल देकर सम्मान किया कार्यक्रम में समस्त व्यापारियो एवं नगर से पधारे समस्त गौ प्रेमीयो का दीपेन्द्र द्विवेदी द्वारा आभार किया गया। कार्यक्रम में नगर के महापौर योगेश ताम्रकार ,नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुवेर्दी पालन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गगनेन्द्र सिंह, गल्ला तिलहन व्यापारी संघ के अध्यक्ष दादू भैया, विहारी लाल चेम्बर अध्यक्ष सतीश सूखेजा, मंत्री संदीप जैन ,रोहित अग्रवाल वालकृष्ण शुक्ल वेटा, अशोक गुप्ता ,राजकुमार गुप्ता राजकुमार अग्रवाल टिंकू ,राजेश अग्रवाल नारद, हरिओम अग्रवाल उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर होगी रन फॉर यूनिटी

**सतना 29 अक्टूबर.** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय एकता दिवस पर सतना जिले में दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्टस काम्पलेक्स से सिविल लाइन पुलिस परेड ग्राउण्ड तक रन फॉर यूनिटी 31 अक्टूबर को दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्टस काम्पलेक्स से प्रात: 7:30 बजे प्रारंभ होगी। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने शासकीय, अशासकीय विद्यालय एवं महाविद्यालय के प्राचार्य को अपनी संस्था के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों को रन फार यूनिटी को सफल बनाने की अपील की है।

# केशव माधव गौशाला में मनाया गया गोपाष्टमी उत्सव

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 29 अक्टूबर. विश्व हिंदू परिषद द्वारा संचालित केशव माधव गौशाला में बगहा में गोपाष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया ।**

सर्वप्रथम गौ सेवा महत्व के लिए गौ सभा रखी गई जिसमें पूज्य पुरुषोत्तम दास जी महाराज मेहर शाह दरबार महंथ गंगा शरण दास जी महाराज छोटा खड़ा मैहर और उपस्थित अन्य संतों ने आशीर्वचन के रूप में गौ महत्व को बताया एकल विद्यालय के कलाकारों द्वारा गौ भजन और गौ कथा की प्रस्तुति



की गई गौशाला में चलने वाली चौबीस घंटे का अखंड रामचरित मानस पाठ एकल विद्यालय के कलाकारों द्वारा किया गया गौशाला की प्रस्तावना गौशाला अध्यक्ष लखन केसरवानी ने रखी आखिर और काम करने वाले गौ सेवकों का सम्मान गौशाला के पदाधिकारी द्वारा किया गया. इसके बाद लगातार गौ पूजन , हवन भंडारा का कार्य चालू है आज के गोपाष्टमी उत्सव में विशेष रूप से लखन केसरवानी योगेश तिवारी समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# चेम्बर की गरिमा को ठेस पहुचाने के कारण संजय शाह निष्कासित

▸ मेला लांचिग की समीक्षा बैठक

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 29 अक्टूबर.विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना की कार्यकारिणी समिति बैठक बुधवार दोपहर 2 बजे चेम्बर सभागार सतना मे अध्यक्ष सतीश सुखेजा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई।**

चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि विगत दिनों मोती महल सतना मे विन्ध्य व्यापार मेला 2025 की लांचिग समारोह की समीक्षा की गई। जिस पर चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा द्वारा कार्यक्रम की ऐतिहासिक सफलता पर सभी कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी की सक्रियता की वजह से कार्यक्रम सफल हुआ है। साथ ही बताया कि चेम्बर के कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने सदन मे प्रस्ताव रखते हुए कहा कि प्रिन्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विन्ध्य व्यापार मेले के मीडिया प्रभारी संजय शाह लगातार कई दिनों से चेम्बर के गरिमा के खिलाफ अध्यक्ष सतीश



सुखेजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, मंत्री हरिओम गुप्ता व कई कार्यकारिणी सदस्यो के खिलाफ अनर्गल, अमर्यादित व्यवहार कर रहे है। जिस कारण चेम्बर की छवि धूमिल हो रही है। मैं चाहता हूं कि संजय शाह की सदस्यता चेम्बर से समाप्त की जाये। जिस पर अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का सुझाव चाहा जिस पर सदन मे उपस्थित सभी सदस्यो ने एक स्वर मे मेज थपथपाया श्रीशाह की सदस्यता समाप्त करने का समर्थन किया। जिसके पश्चात अध्यक्ष ने निर्णय लेते हुए कहा उनके किये गये कृत्यों से चेम्बर की छवि धूमिल हुयी है चेम्बर संविधान की धारा 7ख के अनुसार श्री शाह सदस्यता क्रंमाक वीसीसीआई35/2 की सदस्यता कार्यकारिणी द्वारा लिये गये निर्णय के आधार पर समाप्त की जाती है।

इस अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, महामंत्री संदीप कुमार जैन, मंत्री हरिओम गुप्ता, सहमंत्री कमल पुरस्वानी कार्यकरिणी सदस्य हिमांशु अरोरा, चितेश ठक्कर, दिलीप सोनी, अमित भावनानी, अनिल मोटवानी, विनोद गुप्ता, चंद्रभान दासानी, रोहित अग्रवाल लोहा, नरेन्द्र चंद्र गुप्ता, विपिन आर त्रिपाठी, लक्ष्मीचंद्र पुरस्वानी, सुरेश बाषाणी, केशव माखीजा, विकास सुखेजा, मोहित जैन विशेष आमंत्रित सदस्य संजय वाधवानी, संजय अग्रवाल (आशीर्वाद) सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### एलपीजी डीलरों ने कैंडल मार्च निकाला

**सतना।** एल पी जी डीलर एसोसिएशन ऑफ इंडिया रष्ट्रद्व इसके आवाहन पर डिस्ट्रिब्यूटर के कमीशन, होम डिलेवरी चार्ज, प्रशासनिक शुल्क 2022 से मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक यह मांग पूरी नहीं हुई। आज इन सभी मांगो को लेकर आज शहर के सेमरिया चौराहे में कैंडल मार्च किया गया और सांकेतिक रूप विरोध प्रदर्शन से सरकार तक अपनी मांग पहुंचाने के लिए किया गया। इसमें मुख्य रूप से एल पी जी एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यनारायण बागरी, अवनीत कौर सेठी, रत्नेश यादव, संयोग जायसवाल, सतेंद्र सिंह, चंद्र प्रताप सिंह, शालनी सिंह सहित डिलेवरी स्टाफ मौजूद रहे।



### कल्याणी क्लब का दीपावली मिलन समारोह

**सतना।** कल्याणी क्लब हमेशा ही संस्कृत एवं धार्मिक त्योहार बड़े ही धूमधाम से मानता है उसी कड़ी में क्लब अध्यक्ष पूनम रत्नन संरक्षण रीमा कैला रेखा कैला एवं सभी सदस्यों के साथ मिलकर दीपावली मिलन समारोह मनाया गया. अतिथि के रूप में अग्रवाल महिला मंडल से सीमा अग्रवाल पूजा अग्रवाल एवं मनिका अग्रवाल को सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम का आयोजन रुचिका खेड़ा अनीता शर्मा पूनम रत्नन रीमा कैला रेखा कैला द्वारा किया गया रंगारंग कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने सहयोग किया समस्त सदस्य अनीता शर्मा,अन्नपूर्णा शुक्ला,पूजा गौतम,कृष्णकांत सिंह,नीरजा सिंह,सुधा खंडेलवाल रुचिका खेड़ा उपस्थित रहे।



### ताम्रकार समाज ने मनाई सहस्त्रबाहु जयंती

**सतना .** भगवान श्री सहस्त्रबाहु महाराज जी की जयंती के शुभ अवसर पर आज चाणक्यपुरी कॉलोनी स्थित अनिल ताम्रकार (मौसम) के कार्यालय में भगवान श्री सहस्त्रबाहु महाराज जी की जयंती मनाई गई।कार्यक्रम में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार सम्मिलित होकर उपस्थित सामाजिक जनों को संबोधित किया एवं महाराज जी के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।इस अवसर पर ताम्रकार समाज के अध्यक्ष अनिल ताम्रकार (मौसम) सहित प्रदीप ताम्रकार , पुष्पेंद्र ताम्रकार , नरेंद्र ताम्रकार , अनिरुद्ध ताम्रकार, सतीश ताम्रकार , दिलीप ताम्रकार , रवि ताम्रकार , शुभम ताम्रकार , ओमप्रकाश ताम्रकार एवं शक्ति ताम्रकार श्रीमती वंदना , श्रीमती अनिता , श्रीमती ऋतु , श्रीमती दीप्ति , श्रीमती श्रेया , श्रीमती रश्मि उपस्थित रहे।